तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार, 2 अक्टूबर 2024

13 अब गोली नहीं बोली से ग्रामीणों को करेंगे...



13 बच्चों ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस



[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]


## खबर संक्षेप




### आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित अमोड़ा में किसानों की बैठक

**कांकेर।** आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित अमोड़ा के कर्मचारी और प्रबंधकों द्वारा किसानों का फूलमाला और तिलक लगाकर स्वागत किया। समिति के उपध्यक्ष एवं अमोड़ा के उप सरपंच राम कुमार देहारी के अध्यक्षता में जिला आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित से जिले से आए विभागी अधिकारी महेश मरकाम द्वारा सन् 2023 एवं आगामी वर्ष 2024-25 के लिए बजट पेश किया गया। बैठक में किसानों ने कई समस्याएं बताई। सहकारी बैंक खोलना एवं धान खरीदी केंद्र में किसानो की संख्या देखते हुए ग्राम रिसेवाड़ा में नया धान खरीदी केंद्र खोलने की मांग रखी गई। मांग पर अधिकारी द्वारा आश्वासन दिया गया।

### आदिशक्ति पहाड़वाली रानी मां मंदिर में जलेगा ज्योति कलश

**चारामा।** ग्राम आंवरी स्थित आदिशक्ति पहाड़वाली रानी माँ मंदिर समिति द्वारा क्वांर नवरात्रि के पावन पर्व पर 3 से 11 अक्टूबर तक मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलन का आयोजन किया जा रहा है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी क्वांर नवरात्रि के दौरान ग्राम आंवरी में माँ रानी का विशेष पूजन और ज्योति कलश प्रज्ज्वलन किया जाएगा। शुभारंभ 3 अक्टूबर को ज्योति कलश स्थापना के साथ होगा। कन्याभोज एवं कलश विसर्जन 11 अक्टूबर को किया जाएगा।

### सहायक शिक्षकों की पदोन्नति के लिए होगी काउंसिलिंग 5 को

**कांकेर।** सहायक शिक्षक संवर्ग से प्रधान पाठक प्राथमिक शाला के पद पर पदोन्नति के लिए शिक्षकों की पदस्थापना काउंसिलिंग के माध्यम से की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि काउंसिलिंग का आयोजन आगामी 5 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से बीएफ कॉलेज कांकेर के सभाकक्ष में किया जाएगा। सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर इसमें शामिल होने के लिए सूची में दर्शित सहायक शिक्षकों को निर्धारित समय में उपस्थित होने लिए निर्देशित किया है।

### आपदा से मौत होने पर परिजन को आर्थिक सहायता राशि हुई स्वीकृत

**कांकेर।** कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए तहसील चारामा के ग्राम चिनौरी निवासी 7 वर्षीय झमेन्द्र कुमार मण्डावी की कुंआ में डूबने से मौत हो जाने पर उनके निकटतम आश्रित देवकी बाई मण्डावी को चार लाख रूपएं की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# शारदीय नवरात्र को लेकर दिख रहा जबरदस्त उत्साह, मूर्तियों को अंतिम रूप दे रहे मूर्तिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर


शारदीय नवरात्र को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह दिखाई दे रहा है। दुर्गा पूजा समिति भी तैयारियों को तेजी से अंतिम रूप देने में जुटी है। इस बार तीन अक्टूबर से शारदीय नवरात्र की शुरुआत हो रही है। मूर्तिकार जहाँ मूर्तियों को अंतिम रूप देने में लगे है, वहीं कारीगर पंडाल को अंतिम रूप दे रहे है। मूर्तिकार देवी प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुट गए है। शहर समेत ग्रामीण ईलाके में प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में मूर्तिकार जुटे हुए हैं। उनके हाथों से कूची और ब्रस तेजी से चलने लगे हैं।

- तीन अक्टूबर से शुरू होगी शारदीय नवरात्र

## समितियां व करीगर पंडालों को तैयार करने जुटे

### नवरात्र से शुरू हो जाएंगे मांगलिक कार्य

ज्योतिषों की मानें तो पितृपक्ष में शुभ कार्य बंद रहते हैं। दुर्गा महोत्सव शुरू होते ही गृह प्रवेश, कान छेदन, अन्नप्राशन, सगाई-विवाह सहित अन्य मांगलिक कार्यक्रम शुरू होंगे। अश्वनी शुक्ल प्रतिप्रदा यानि तीन अक्तूबर को घट स्थापना होगी। नौ दिनों तक मां आदि शक्ति का पूजन होगा।



### मंदिरों में भी तैयारियां तेज

नवरात्र को लेकर शीतला माता मंदिर, सिंहवाहिनी मंदिर, कंकालिन मंदिर सहित अन्य सिद्धपीठ-प्राचीन मंदिर सज-संवरने लगे हैं। यहां सफाई, रंगाई-पुताई हो गई है। मंदिरों के आसपास प्रसाद, पूजन सामग्री की दुकानों के लिए दुकानदार जगह चिन्हांकित कर दुकान लगाने की तैयारी में जुट गए है।

मूर्तिकार अरविंद कुमार का कहना है कि इस बार उन्होंने दो सौ देवी प्रतिमाएं दुर्गा पूजा के लिए अलग-अलग तरह की बनाई गई हैं। किसी को नारायणी स्वरूप दिया गया तो किसी को शेषनाग की सैया पर सवारी स्वरूप देकर सुंदरता बढ़ाई गई है। त्रिदेव को भी प्रार्थना करते दिखाया गया है। प्रकृति और पर्यावरण को देखते हुए इस बार मूर्तियों में पेड़-पौधे भी बनाए गए हैं। ऐसा इसलिए किया गया है, ताकि लोग भी पर्यावरण के प्रति चिंतित हो और वह भी अपनी जिम्मेदारी समझें। मूर्तिकारों ने बताया कि उम्मीद है इस बार कारोबार अच्छा रहेगा। शहर व नगर में इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम करवाने के लिए समितियाँ सक्रिय हो गई है और तैयारी पर डटी हुई है।

## आयोजन : फ्लोरोसिस की रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम के तहत बैठक

# नरहरपुर, चारामा व कांकेर ब्लॉक के पानी में फ्लोराइड की मात्रा अधिक, दांतों और हड्डियों में आ रही विकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



कलेक्टर की अध्यक्षता में फ्लोरोसिस की रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम के तहत अंतर्विभागीय समन्वय बैठक लिया गया। बैठक में जिले के पेयजल में मौजूद फ्लोराइड की मात्रा पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से ऐसे ग्रामों और जल स्रोतों की जानकारी मांगी, जहां पानी में फ्लोराइड का स्तर अधिक व नुकसानदायक हो।

- कलेक्टर ने पीएचई से चिन्हांकित गांवों और उनके पेयजल स्रोतों की मांगी सूची

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 1 अक्टूबर को समय सीमा बैठक के उपरांत आयोजित अंतर्विभागीय बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश शांडिया ने बताया कि फ्लोरोसिस एक सार्वजनिक लोक स्वास्थ्य समस्या है, जो लंबे समय तक पीने के पानी, खाद्य उत्पादों एवं औद्योगिक उत्सर्जन के माध्यम से फ्लोराइड के अत्यधिक सेवन के कारण होता है, जिसके चलते दंत फ्लोरोसिस, स्केलेटल फ्लोरोसिस एवं नान-स्केलेटल फ्लोरोसिस जैसी प्रमुख स्वास्थ्य संबंधी बीमारियां होती हैं। जब फ्लोराइड के स्तर में अत्यधिक वृद्धि होती है तो यह दांतों और हड्डियों में विकृति, दर्द और हड्डियों के कमजोर होने जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं।

जिला सलाहकार डॉ. विनोद वैद्य ने बताया कि छत्तीसगढ़ के 7 जिलों में फ्लोराइड की अधिकता पाई जाती है, जिनमें कांकेर जिला भी शामिल है। यह भी बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के पेयजल स्रोतों में फ्लोराइड की मात्रा 1.5 मिलीग्राम प्रति लीटर सीमा से अधिक मिलने पर उस क्षेत्र के समस्त पेयजल स्रोतों का परीक्षण प्रयोगशाला से पेयजल स्रोत के फ्लोराइड के स्तर की जांच कराई जानी चाहिए। इसके लिए संबंधित विभाग के समन्वय से फ्लोरोसिस से प्रभावित क्षेत्रों का सर्वेक्षण करने, चयनित क्षेत्र में फ्लोरोसिस नियंत्रण के व्यापक प्रबंधन, फ्लोरोसिस के रोकथाम, निदान और प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाना चाहिए।

इस पर कलेक्टर ने ऐसे गांवों और उनके पेयजल स्रोतों को चिन्हांकित कर सूची उपलब्ध कराने के निर्देश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी को दिए। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संबंधित क्षेत्रों के स्कूलों , बच्चों सहित समुदाय में फ्लोरोसिस की जांच करने के लिए सीएमएचओ को निर्देशित किया, जिससे मरीजों का चिन्हांकन कर समय पर उनका समुचित उपचार किया जा सके। साथ ही फ्लोरोसिस नियंत्रण के लिए फ्लोराइड की अधिकता से होने वाली बीमारियों की पहचान एवं जागरूकता लाने के भी निर्देश दिए।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में डीएफओ आलोक वाजपेयी, अपर कलेक्टर एस अहिरवार, बीएस उईके, जिला पंचायत सीईओ सुमित अग्रवाल, जितेंद्र कुर्रे सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

## आज मां काली की प्रतिमा का होगा आगमन, नवनिर्मित भवन में विराजेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नवरात्र के पावन अवसर पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां कालिका महोत्सव समिति देवभूमि राजापारा के द्वारा मां काली की प्रतिमा स्थापित किया जाता है। कालिका महोत्सव समिति के संस्थापक राजापारा के युवा पार्षद आनंद चौरसिया एवं समिति अन्य सदस्यों के द्वारा स्थापित किया जाता है। कालिका महोत्सव समिति ने बताया की 2 अक्टूबर बुधवार को शाम 5 बजे मां काली की प्रतिमा का आगमन होगा। मां काली की प्रतिमा का शहर के कोठारी पेट्रोल पंप से गाजे बाजे आतिशबाज़ी के साथ राजापारा लाया जाएगा। इस दौरान समिति ने शहर वासियों से अपील किया है की अधिक से अधिक संख्या में मां काली के भक्तगण श्रद्धालूगण स्वागत वंदन में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाए। देवभूमि राजापारा पार्षद ने बताया की नीम चौक स्थित 12 लाख रुपए की लागत से बनाए गए रंगमंच में मां काली की प्रतिमा स्थापित किया जाएगा।

इसी दिन इस भवन का विधिवत उद्‌घाटन भी किया जाएगा। नीम चौक में बना रंगमंच काफी जर्जर हो चुका था, इसलिए वार्डवासियों की मांग पर नवनिर्मित रंगमंच बनकर तैयार है। नवनिर्मित रंगमंच भवन का उद्‌घाटन नवरात्रि के पावन अवसर पर मां काली की प्रतिमा स्थापित के साथ भवन का विधिवत उद्‌घाटन किया जाएगा।

## सद्भावना भोज देवीनवागांव में आज, विधायक होंगे शामिल

**कांकेर।** जिले के नरहरपुर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत देवीनवागांव में बुधवार 2 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से अस्पृश्यता निवारणार्थ शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सामूहिक सद्भावना भोज कराया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर विधायक आशाराम नेताम सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव द्वारा किया जाएगा। विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपाध्यक्ष जिला पंचायत हेमनारायण गजबल्ला, जिला पंचायत सभापति नरोत्तम पड़ोटी, सदस्य हेमलाल मरकाम, अध्यक्ष जनपद पंचायत नरहरपुर संजूलता नेताम, उपाध्यक्ष संजूगोपाल साहू मौजूद रहेंगे।

## जमीन कब्जे की बात पर विवाद दी गई जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




चारामा थानांतर्गत चारामा के खेत में बोई हुई फसल में आरोपियों द्वारा जबरदस्ती ट्रैक्टर से जुताई करने व खेत के मालिक को जान से मारने की धमकी देते हुए जमीन पर बलपूर्वक कब्जा करने का मामला सामने आया था।

- तीन माह बाद पुलिस ने दर्ज किया मामला

थाना में शिकायत करने पहुंचे उदयनगर कांकेर निवासी पीताम्बर सिन्हा पिता रामसिंह सिन्हा ने पुलिस को बताया कि लोकनिर्माण विभाग कार्यालय कांकेर में टेलीफोन अटेंडेंट पर कार्यरत हूं। मेरे नाम पर चारामा में कृषि भूमि स्थित है, जिसमें मेरे द्वारा कृषि कार्य 17 जून को कराया जा रहा था। उसी समय वहां पर आरोपी भूपेश सिन्हा, नरेन्द्र सिन्हा, हरिश सिन्हा व देवेन्द्र सिन्हा सभी चारामा निवासी आकर मुझे गाली देने लगे और जान से मारने की धमकी दिए। आरोपियों ने मेरे बोए हुए खेत में जबरन चारामा निवासी नीरज साहू पिता नारायण के ट्रैक्टर से जुताई करा दिया है। मना करने पर बोले कि यह हमारी पैतृक भूमि है। हम इस पर कब्जा करेंगे। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकी देने से जान का भय बना हुआ है। घटना के संबंध में मामला दर्ज करने 17 जून से निवेदन करते आ रहा हूं। अब तक मामला ▶▶| शेष पेज 12 पर

## जायसवाल निको इंडस्ट्रीज द्वारा चलाया गया स्वच्छता अभियान




**कांकेर।** जायसवाल निको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड मेटाबोदेली चारगांव खदान द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता के तहत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में खदान व चारगांव के आस-पास के विद्यालयों, बाजार प्रांगण की साफ-सफाई, एकल उपयोग प्लास्टिक को एकत्र कर निस्तारण करना एवं स्थानीय बाजार व धर्म स्थलों में श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता ही सेवा है के लिए लोगों को जागरूक एवं प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस सेवा अभियान में सभी के साथ स्वच्छता ही सेवा है की शपथ ली गई। इस कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियो व महिला समूह के सहभागिता से पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता व ▶▶| शेष पेज 12 पर

- खदान व आसपास के विद्यालयों में विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन

### कर रहे लोगों को जागरूक

खदान प्रबंधक कृष्णकांत एवं पर्यावरण विभाग अश्विनी शुक्ला के द्वारा अपने समस्त टीम के साथ इस अभियान के माध्यम से श्रमिकों एवं ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है।

## जेपरा में 12 सदस्यीय परिवार का हुक्का पानी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



जिले के विकासखण्ड चारामा के ग्राम जेपरा में सरपंच और ग्राम प्रमुखों द्वारा 12 सदस्यीय परिवार का हुक्का पानी बंद करने का विवाद सामने आया है। परिवार के मुखिया ने अनुभागीय आधिकारी को लिखित शिकायत में दिया हैं। परिवार का कहना है कि उनके खिलाफ यह निर्णय 27 सितंबर को सरपंच और ग्राम प्रमुखों द्वारा एकतरफा तरीके से लिया गया। शिकायत के अनुसार ग्राम प्रमुखों ने आरोप लगाया है कि परिवार ने ग्राम मड़ई स्थल के नजदीक अपने जमीन पर घर बनाया जो ग्राम की परंपराओं और रीतियों के खिलाफ है। हालांकि परिवार ने स्पष्ट किया है कि उन्होंने अपने नाम पर 1986 से रजिस्ट्री की हुई एवं 0.12 हेक्टेयर जमीन पर निर्माण कार्य किया है, जो कि पूरी तरह से वैध है। परिवार का कहना है कि उनके घर निर्माण से मड़ई स्थल पर किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं हुई है और वहां अभी भी पर्याप्त जगह उपलब्ध है।

- परिवार ने लगाई न्याय की गुहार
- मुखिया ने एसडीएम से की लिखित शिकायत

### अनहोनी होने पर निर्णय लेने वाले होंगे जिम्मेदार

परिवार ने यह भी आरोप लगाया है कि यदि उनके किसी भी सदस्य के साथ कोई अनहोनी होती है, तो इसके लिए सरपंच और ग्राम प्रमुख जिम्मेदार होंगे। परिवार ने इस निर्णय को असंवैधानिक और उनके मौलिक अधिकारों का हनन बताया है और इस मामले में प्रशासन से त्वरित और न्यायपूर्ण कार्रवाई की मांग की है।

परिवार ने यह भी बताया कि उन्होंने कई बार प्रस्ताव रखा कि वे अपनी जमीन का कुछ हिस्सा मड़ई स्थल के लिए देने को तैयार हैं, लेकिन इस पर किसी भी प्रकार की विचार-विमर्श या समिति का गठन नहीं किया गया। इसके विपरीत परिवार पर दबाव डालते हुए उनके घर को तोड़ने की धमकी दी गई और अंततः उनका हुक्का पानी बंद कर दिया गया। परिवार का कहना ▶▶| शेष पेज 12 पर

## नवरात्रि से एक दिन पहले महालया की मनाएंगे परंपरा

# शारदीय नवरात्र में पालकी की सवारी करके आएंगी माँ दुर्गा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

हिंदू धर्म में नवरात्रि पर्व देवी पूजा और शक्ति आराधना को समर्पित है। एक साल में कुल 4 नवरात्रि होते हैं, जिसमें शरद ऋतु के नवरात्रि को सबसे प्रमुख माना गया है और वास्तविक अर्थों में दुर्गा पूजा कहा जाता है। शरद ऋतु में होने के कारण इसे शारदीय नवरात्रि भी कहते हैं। प्रचलित परंपरा के अनुसार, नवरात्रि से एक दिन पहले मां दुर्गा का धरती पर आने के लिए अव्हान किया जाता है, जिसे महालया कहते हैं। साल 2024 में यह 2 अक्टूबर को पड़ रहा है।

- माता के आने- जाने की सवारी होती है विशिष्ट




भक्तों की पुकार पर माता रानी 10 दिनों के लिए मनुष्यों के बीच रहती है और कलश स्थापना से विधिवत नवरात्रि की शुरुआत होती है। इस साल शारदीय नवरात्र की शुरुआत बृहस्पतिवार 3 अक्टूबरसे हो रही है। इसका शुभ समापन विजयादशमी यानी दशहरा के रोज 12 अक्टूबर को होगा। लोगों की आस्था है कि मां दुर्गा की सच्चे मन से पूजा करने से व्यक्तिमात्र के जीवन से सब दुख और संकट दूर हो जाते हैं और मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। हिंदू धर्मग्रंथों के मुताबिक, मां दुर्गा जब धरती पर आती हैं, विशेष वाहन यानी सवारी पर आती हैं। उनके आगमन की तरह उनके प्रस्थान यानी जाने की सवारी भी विशिष्ट होती है।

### डोली पर सवार होकर आएंगी देवी मां

हिन्दू धर्म की मान्यता है कि माता दुर्गा हर साल अलग-अलग वाहनों पर सवार होकर आती हैं। वे जिस वाहन पर सवार होकर आती हैं, उसका देश-दुनिया पर शुभ-अशुभ प्रभाव पड़ता है। पंडितों और आचार्यों के अनुसार, इस साल शारदीय नवरात्र पर मां दुर्गा 'डोली' यानी 'पालकी' सवार होकर आएंगी। माता दुर्गा किस वाहन पर सवार होकर आएंगी, यह दिनों के हिसाब से तय होता है। परंपरा के मुताबिक, बृहस्पतिवार को नवरात्रि शुरू होने पर माता रानी डोली या पालकी पर बैठकर आती हैं। धार्मिक ग्रंथों के मुताबिक, देवी मां का डोली पर सवार होकर आना अच्छा नहीं माना गया है। देवी पुराण के अनुसार, पालकी पर सवार का संकेत है कि देश में आर्थिक मंदी आ सकती है। प्रकृति अपने रौद्र रूप में जान-माल का नुकसान कर सकती हैं। राजनीतिक रूप से अव्यवस्था का माहौल बन सकता है। यह देश-दुनिया में महामारी के बढ़ने के संकेत भी देता है।

### चरणायुध पर वापस जाएंगी माता रानी

हिन्दू धर्म की मान्यता है कि न केवल माता रानी के आने की सवारी का देश-दुनिया पर असर होता है, बल्कि उनके प्रस्थान यानी जाने की सवारी का भी व्यापक प्रभाव पड़ता है। इस साल दुर्गा माता चरणायुध पर वापस जा रही हैं। बता दें कि बड़े पंजे वाले मुर्गे को चरणायुध कहा जाता है। इस सवारी यानी मुर्गे पर देवी माता का जाना अशुभ माना गया है। ऐसी स्थित में लोगों का आपस में कलह बढ़ेगा, तबाही की स्थिति रह सकती है। कहते हैं कि माता के मुर्गे पर वापस जाने से लोगों के कष्ट में भी वृद्धि होती है। लोग कई प्रकार के रोगों से परेशान रह सकते हैं।

### हाटकर्रा बना हर घर जल प्रमाणित ग्राम



**कांकेर।** विकासखण्ड भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत हाटकर्रा में हर घर जल उत्सव कार्यक्रम आयोजित कर ग्राम को प्रमाणीकरण किया गया। ग्राम सभा में जिला समन्वयक द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल हर घर जल के संचालन, संधारण, प्रबंधन एवं सतत क्रियाशील बनाए रखने की अनुरोध किया गया। योजना को सुचारू रूप से सफलता पूर्वक संचालन कर हर घर तक शुद्ध पेयजल की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने की बात कही गई। जल जीवन मिशन की संपूर्ण जानकारी देते पाइपलाइन, टंकी, घरेलू नल कनेक्शन का ▶▶| शेष पेज 12 पर


## पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

# केशकाल घाटी में रोज लग रहा जाम, चालकों के ओवरटेक करने से बढ़ी परेशानी

## थाना प्रभारियों ने बस एजेंटों की ली बैठक, चालकों के लिए दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

केशकाल घाटी में वाहन चालकों की लापरवाही के कारण इन दिनों लगातार जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। खास तौर पर छोटी कारों और यात्री बसों के चालकों द्वारा की जाने वाली ओवरटेकिंग के कारण रात के वक्त 4-5 घंटों तक जाम की स्थिति बन रही है। इसके साथ ही आगामी दिनों में घाटी के नवीनीकरण के लिए प्रशासन द्वारा घाट में वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित करने पर भी विचार किया जा रहा है।

ऐसे में केशकाल थाना प्रभारी विकास बघेल ने मंगलवार को थाना परिसर में केशकाल के सभी बस कंपनियों के एजेंटों के साथ बैठक रखी थी। इस दौरान थाना प्रभारी ने एजेंटों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आप अपने अपने कंपनी के ड्राइवरों तक यह जानकारी पहुंचाएं कि शहर व घाटी में कभी भी ओवरटेक न करें। यदि उनकी वजह से घाटी में जाम लगता है, तो ड्राइवर व वाहन के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



### घाट के नवीनीकरण में सभी करें सहयोगः बघेल

इसके साथ ही थाना प्रभारी श्री बघेल ने बताया कि आगामी दिनों में घाटी का नवीनीकरण प्रारंभ होने वाला है। ऐसे में घाटी में सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद रहेगा। इसलिए पुलिस- प्रशासन वाहनों का रूट डायवर्ट करने पर विचार कर रहा है। इसमें आप सभी पुलिस प्रशासन का सहयोग करें और डायवर्टेड रुट का पालन करेंगे। इस दौरान महिंद्रा ट्रेवल्स, कांकेर रोडवेज, रॉयल ट्रेवल्स, मनीष ट्रेवल्स, पायल ट्रेवल्स एवं अन्य बसों के एजेंट मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### ब्लॉक स्तरीय राजमिस्त्री संघ की हुई बैठक



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के अंतर्गत राजमिस्त्री संघ दुर्गुकोंदल का बैठक 1 अक्टूबर मंगलवार को उन्मुक्त खेल मैदान दुर्गुकोंदल में हुआ। अध्यक्ष उमेश सलाम, सचिव संतलाल मरकाम के अध्यक्षता में विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें राजमिस्त्री संघ एवं मजदूरों की काम 1 तारीख को प्रत्येक माह बंद रहेगी। इस संबंध में संघ की ओर से 4 अक्टूबर शुक्रवार को सुबह 9 बजे उन्मुक्त खेल मैदान में बैठक आयोजित की गई है। संघ के अध्यक्ष और सचिव व कोषाध्यक्ष अली राम उईके ने बताया है कि राजमिस्त्री संघ ब्लॉक में जिला के जिला स्तरीय पदाधिकारी बैठक में उपस्थित रहेंगे, जिसमें राजमिस्त्री संघ मजदूर कुली का संघ संबंधी एवं अन्य मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

### दो मोटर सायकिल में टक्कर, तीन घायल

**भानुप्रतापपुर।** ईमलीपारा के पास दो मोटर सायकिल में टक्कर हो जाने से तीन सवार घायल हो गए हैं। प्रार्थी सुरेश कुमार यादव पिता छेरकूराम यादव उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम भीरागांव निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 29.09.2024 को सुबह उसकी चाची धरमो बाई मण्डावी के साथ मेरी छोटी बहन सुरेखा यादव को इलाज हेतु मोटर साइकिल क्र0 CG-05-X-8758 से संबलपुर ले गया था। संबलपुर से मेरी छोटी बहन सुरेखा यादव का वैधराज से ईलाज कराकर वापस आ रहे थे उसकी दौरान लगभग 11.00 बजे ग्राम ईमलीपारा संबलपुर के पास पीछे से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। मोटर सायकल के चालक जिसमें बायलर टोकरी लदा हुआ था। एक्सीडेंट में हम लोग तीनों मोटर सायकल सहित गिर गए। गिरने से उसके दोनों हाथ , दाहिना पैर , छाती में चोट लगा है।

## समारोह: सशिमं गम्हरी में जिलास्तरीय खेलकूद, बौद्धिक कार्यक्रम का समापन

# शारीरिक के साथ बौद्धिक, सांस्कृतिक गतिविधियों में छात्र- छात्राएं भाग लेकर अपने लक्ष्य को करें हासिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



सरस्वती शिशु मंदिर गम्हरी में तीन दिनों तक खेलकूद एवं बौद्धिक कार्यक्रम सम्पन हुआ। समापन कार्यक्रम में मुख्य अथिति नीलकठ टेकाम केशकाल विधानसभा के विधायक रहे। श्री टेकाम ने कबड्डी का फाइनल मैच का शुभारंभ कराया। कबड्डी में भंडार सिवनी विजेता, उपविजेता धनौरा विद्यालय रहा।

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक टेकाम ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर एक ऐसी संस्था है जो छात्र- छात्राओं का व्यक्तित्व विकास करता है। स्कूल में शिक्षा के साथ साथ संस्कार भी दिया जाता है। सरस्वती शिशु मंदिर में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों की नेतृत्व करने का क्षमता बहुत अधिक होती है। शाला में अध्यापन कराने वाले आचार्यों, दीदी, चाणक्य और वाल्मिकी की तरह शिक्षा प्रदान करते हैं। छात्र- छात्राओं को लव, कुश, ध्रुव, प्रहलाद, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद स्वामी विवेकानंद सीता सावित्री दुर्गा जैसा बनने के लिए प्रेरित करते हैं। सरस्वती शिशु मंदिर में गुरुकुल की शिक्षा की भांति सिखाया जाता है। सरस्वती शिशु मंदिर में होने वाला प्रत्येक खेल विजेता भैया बहन शिखर की ओर बढ़ते जाते हैं। जिला, प्रांत, क्षेत्र, अखिल भारती फिर आगे तक निरंतर बढ़ते रहते हैं। जीवन में खेल का विशेष महत्व है। शारीरिक के साथ साथ बौद्धिक सांस्कृतिक गतिविधिओं में भी भाग लीजिए और माता- पिता, गांव, देश का नाम रोशन कीजिये। खेलकूद के साथ- साथ अपनी पढ़ाई निरंतर जारी रखिए। विद्यार्थी जीवन एक तपस्वी का जीवन है। आप सभी समय रहते हुए अपनी ऊंचाई, मंजिल तक पहुंच जाइये।

तीन दिनों तक 800 लोगों के लिए एकसाथ बनाते थे भोजन- जिला स्तरीय खेल में ग्रामवासियों में बहुत उत्साह देखने को मिला ग्रामीणजनों का इस खेल में विशेष योगदान और सहयोग रहा। सरस्वती शिशु मंदिर के नियमों को देख कर ग्रामीणजनों में खुशी की लहर छा गई थी। तीन दिनों तक 800लोगों के लिए एक साथ भोजन बनाते थे। समय पर भोजन खिलाते थे। भोजन प्रभारी लता साहू, संजय नदी, श्यामा नाग दुर्योधन के साथ ग्रामवासी के तीन दिनों तक निस्वार्थ भाव से कार्य में लगे रहे।

ये रहे उपस्थित - समापन में तोरण वर्मा अध्यक्ष सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति जिला कोंडागांव त्रिलोक सार्वा, सचिव सरस्वती ग्राम शिक्षा रोहित कौशिक कोषाध्यक्ष सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति कोंडागांव समिति जिला कोंडागांव पुरेन्द्र कौशिक उपाध्यक्ष सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति कोंडागांव, सरस्वती शिशु मंदिर जिला कोंडागांव के मार्गदर्शनकर्ता बीरेंद्र कुमार साहू जिला समन्वयक जिला कोंडागांव, जमदेर बडे, अशोक मरावी, शंकर लाल पाण्डे, ताम्बेश कोर्राम, उमेश यादव, श्रवण नायक, फूलदास कश्यप, रामेस्वर कोर्राम, चंद्र शेखर नाग मिनी विश्वाश, लता साहू ममता पोयाम, अमरबती, यादव मगतु यादव, जमुना, कश्यप, खोमन नागे महेन्द्र पाण्डे, हेमंत पात्र, संतोष मण्डावी कोंडागांव जिला ओर नारायणपुर जिला के प्रति भागी भैया बहन, आचार्य, दीदी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## महाविद्यालय के छात्रों को स्वच्छता की दिलाई शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

शासकीय शहीद गेंदसिंह महाविद्यालय चारामा में 1 अक्टूबर को स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं को प्राचार्य द्वारा स्वच्छता के लिए शपथ दिलाई गई।

प्राचार्य डॉ. केके मरकाम ने छात्रों से कहा कि महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था उसमें सिर्फ राजनैतिक आजादी ही नहीं थी, बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी थी। महात्मा गांधी ने गुलामी की जंजीरों को तोड़कर माँ भारती को आजाद कराया। अब हमारा कर्तव्य है कि गंदगी को दूर करके भारत माता की सेवा करें। सभी विद्यार्थी अपने महाविद्यालय, घर एवं आसपास की स्वच्छता के प्रति सजग रहे। कम से कम सप्ताह में समय निकालकर दो घंटे श्रमदान करें तथा गांव में स्वच्छ भारत मिशन के प्रति लोगों को प्रेरित करें। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक एमएल नेताम, डॉ. आयशा कुरैशी, रवीन्द्र सिंह चन्द्रवंशी, हेमप्रसाद पटेल, डोमेश केमरो, प्रियंका दौलतानी, महेश कतलाम, अनुप यादव, तृप्ती योगी सहित समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

# कलेक्टर जनदर्शन में मिले 62 आवेदन



**कांकेर।** कलेक्टर ने जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में आवेदकों की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। सभा कक्ष में 1 अक्टूबर को आ यो जि त कलेक्टर जनदर्शन में समूह की महिलाओं ने शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालित करने, नवीन धान खरीदी केन्द्र खोलने, नदी तक पिचिंग वॉल बनवाने, अनुकम्पा नियुक्ति दिलाने, पुलिया स्वीकृति, वृद्धावस्था पेंशन, आवासीय मकान दिलाने, रोजगार प्रदान करने, राशन कार्ड बनाने तथा विभिन्न प्रकार की मांगों व समस्याओं से संबंधित कुल 62 आवेदन जिले के आम जनो से प्राप्त हुए।

■ आवेदनों का निराकरण करने अधिकारियों को दिए गए निर्देश

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में चारामा तहसील के ग्राम भुईगांव को नवीन ग्राम पंचायत बनाने, ग्राम पंचायत सुखई में नवीन धान खरीदी केन्द्र खोलने, ग्राम पंचायत सम्बलपुर में महतारी वंदन योजना अंतर्गत छूटे हुए पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने, पहुंच मार्ग निर्माण करने, पीडब्ल्यूडी और पीएचई के कार्यों में हो रही देरी तथा अनियमितताओं की जांच कराने और मूलभूत सुविधा के लिए विभिन्न निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में आवेदन प्राप्त किया गया। इसी प्रकार ग्राम सिरसिदा में जलाशय से नदी तक पिचिंग वॉल बनाने, ग्राम उसेली में महिला स्व-सहायता समूह द्वारा शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालन करने, सरस्वती, बसंता बाई द्वारा नवीन राशन कार्ड बनवाने, जगदीश द्वारा प्रधानमंत्री आवास दिलाने, हिमांशु निषाद द्वारा अनुकंपा नियुक्ति दिलाने सहित विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर आवेदन प्राप्त हुए।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डीएफओ आलोक वाजपेयी, डीपी साहू, हेमचंद पहारे, जिला पंचायत सीईओ सुमित अग्रवाल, अपर कलेक्टर एस अहिरवार, बीएस उईके, जितेंद्र कुर्रे सहित सभी अनुविभाग के एसडीएम व विभिन्न विभागों के जिला स्तर के अधिकारी मौजूद रहे।

# मांगों को लेकर खाद्य विभाग के अधिकारीकर्मचारी का धरना प्रदर्शन होगा आज

**भानुप्रतापपुर।** छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति के अधिकारी कर्मचारी संघ के कार्यकारणी बैठक हुई। जिसमें प्रदेश के खाद्य निरीक्षक, सहायक खाद्य अधिकारी एवं खाद्य अधिकारी 1 अक्टूबर को अपनी लंबित मांगों के त्वरित निराकरण एक दिवसीय सामूहिक अवकाश पर रहे। दो अक्टूबर को रायपुर में एक दिवसीय धरना प्रर्दशन करेंगें। भानुप्रतापपुर खाद्य निरीक्षक शैलेन्द्र ध्रुव ने बताया हमारी प्रमुख मांगे है खाद्य निरीक्षकों एवं सहायक खाद्य अधिकारियों की वेतन विसंगति दूर किया जाए। सहायक संचालक, खाद्य अधिकारी के पद पर पदोन्नती किया जाए। सीधी भर्ती के अनुपात को पूर्व की भांति 75 प्रतिशत 25 प्रतिशत किया जाए ।

सहायक संचालक (खाद्य अधिकारी) के रिक्त पदों में से 7 प्रतिशत पद अधीक्षक संचालनालय की पदोन्नती से भरे जाने के प्रावधान को निरस्त किया जाए । राशनकार्डधारियों को वितरण सही मात्रा में खाद्यान्न आवंटन जारी किया जाए व खाद्यान्न वितरण व्यवस्था की जटिलताओं को दूर कर आवश्यक सुधार करने की मांग की गई। खाद्य विभाग के मैदानी अमलों द्वारा उपरोक्तानुसार एक दिवसीय समूहिक अवकाश एवं धरना प्रर्दशन किया जा रहा है। एक दिवसीय धरना के लिए प्रदेश के सभी 33 जिलों से अधिकारी-कर्मचारी शामिल होंगे।

## एनसीसी प्रथम वर्ष के कैडेट्स की हुई सिकलिन व हीमोग्लोबिन जांच

**कोण्डागांव।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोण्डागांव के एनसीसी के प्रथम वर्ष के कैडेट्स की सिकलिन तथा हीमोग्लोबिन जांच की गई। जांच में कुल 58 एनसीसी कैडेट्स उपस्थित हुए। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी डॉ. अजय सिंह एवं स्वास्थ्य कर्मचारी उत्तम साहू, कृष्ण कुमार ध्रुव तथा कु. फूलवती पोयाम द्वारा कार्य का सम्पादन कराया गया।

# तालाकुर्रा में दो दिवसीय राज्य स्तरीय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन



**कांकेर।** विकासखण्ड कांकेर के ग्राम तालाकुर्रा के पावन धरा में दो दिवसीय राज्य स्तरीय रामधुनी प्रतियोगिता का कार्यक्रम आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की ख्याति प्राप्त 12 मण्डलियों ने हिस्सा लिया और मनमोहक झांकी के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ तुकाराम कुलदीप, राजेंद्र जैन, बलराम जैन, सरजू जैन, राजू वैष्णव, मनराखन पदमाकर ने किया। इस अवसर पर झांकीयों में प्रथम लोक रागनी रामधुनी मंडली ठेठवार लेंझीया, द्वितीय जय बजरंग रामधुनी मंडली डोटोपार, तृतीय जय अम्बे रामधुनी मंडली कचना भखारा, प्रथम जय भारत रामधुनी मंडली दरगहन धमतरी, द्वितीय जय माँ शारदे रामधुनी मंडली तवरबहर, तृतीय श्री बाल समाज रामधुनी मंडली देवरी धमतरी ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष हेमनारायण गजब्बला, नरोत्तम पड़ोटी क्रृषि सभापती, डिकुंतला साहू जनपद सदस्य, ईश्वरी कोर्राम सरपंच, मोहन नुरुटी ग्राम गायता एवं कार्यक्रम को सफल बनने में जोगी राम नुरुटी ग्राम पटेल, विनोद रावटे अध्यक्ष आयोजन समिति, लखन केमरो उपाध्यक्ष, संताराम तेता सचिव, हेमलाल कुलदीप कोषाध्यक्ष, हिरदे जैन सहसचिव, संजय जैन, डोमित चुवार्य, गजानंद जैन, बिरबल भास्कर, चेतन रावटे, मोहन बढ़ाई, मुकेश खावार्य, इमेन्द्र जैन, संतोष यादव, रामरतन जैन, केजा नुरुटी, गौतम गांवर, महादेव यदु, प्रताप जैन, देवकी नुरुटी, अश्वनी सोनी, कविता टाड़ियि, ममता जैन, प्रियंका निषाद एवं समस्त आयोजन समिति कार्यकर्त्ता एवं वरिष्ठ ग्रामीणजन कार्यक्रम का निर्णयक राधेश्याम यदु, रमेश कुलदीप, भीम भुरूखुरिया, देव प्रसाद यदु, उद्घोषक जितेन्द्र साहू, दीनदयाल यदु, नारायण सिंह जैन जिसमें 12 मंडली में से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान बनाया है।

## मॉडल कॉलेज के छात्रों ने मोहल्लों में साफ- सफाई कर निकाली रैली



**कांकेर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय कांकेर द्वारा 17 सितम्बर से 1 अक्टूबर के तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन एनएसएस के द्वारा कार्यक्रम संवयक डॉ. डीएल पटेल एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम के निर्देशन में किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा में गांधी के विचारों से प्रेरित होकर स्वच्छ भारत की कल्पना पर महाविद्यालय, गली मोहल्लों, नगर एवं गांव को स्वच्छ बनाने का संकल्प विद्यार्थियों को एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार साहू द्वारा दिलाया गया। कार्यक्रम के तीन आधार स्तम्भ स्वच्छता में जनभागीदारी श्रमदान से सम्पूर्ण स्वच्छता एवं सफाई मित्र स्वच्छता शिविर पर व्याख्यान दिया गया। महाविद्यालय के छात्रा-छात्राओं द्वारा महाविद्यालय से शिव नगर एवं संजय नगर से होते हुए घड़ी चौक तक स्वच्छता रैली निकाली गई।

पेज 11 के शेष...

### जमीन कब्जे की...

दर्ज नहीं करने से आरोपियों के हौसले बुलंद है। उदंडत्ता पूर्वक गुंडा-गर्दीकर मेरे भूमि-स्वामी हक की भूमि पर जबरन कब्जा कर रहे है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 34, 506 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### जायसवाल निको...

निबंध प्रतियोगिता के साथ-साथ स्वच्छता रैली, गीत व भाषण के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश देकर जागरुकता लाने के उद्देश्य से विभिन्न जगहों पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पोस्टर पेंटिंग व निबंध प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को खदान प्रबंधक द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।

### जेपरा में 12..

है कि इस निर्णय से उनके व्यवसाय किराना दुकान, कृषि केंद्र, ऑटो सेंटर, ट्रैक्टर और हार्वेस्टर व्यापार पर गहरा असर पड़ा है, जो उनकी आजीविका का मुख्य साधन है।

### हाटकर्रा बना हर ...

सदुपयोग करने संबंधी जानकारी दी गई। इसके अलावा जल बहिनी, पंप आपरेटर, प्लंबर, हेल्पर और ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति एवं समस्त ग्राम वासियों को अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया गया। संबंधित निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि द्वारा ग्राम हाटकर्रा में जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यों को पूर्ण किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में ग्रामीणजन एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहें।

## जय माँ अम्बे गरबा समिति द्वारा गरबा का किया जा रहा आयोजन

**चारामा।** माँ अम्बे गरबा समिति द्वारा गायत्री मंदिर प्रांगण में हर 15 वर्ष आयोजित होने वाला महाआयोजन इस वर्ष भी भव्य रूप से मनाया जाएगा। कार्यक्रम 3 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 11 अक्टूबर तक कुल 9 दिनों तक चलेगा।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रतिदिन सुबह 4 बजे से होगी और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान एवं पूजा रात 11 बजे तक जारी रहेंगा। माँ अम्बे की आराधना के इस आयोजन में विशेष धार्मिक रस्मों का पालन किया जाएगा, जिसमें न्यायालय के आदेशानुसार सभी आवश्यक नियमों का पालन किया जाएगा। समिति अध्यक्ष ने बताया कि यह आयोजन पिछले 15 वर्षों से सफलतापूर्वक हो रहा है और इस वर्ष भी श्रद्धालुओं को माँ अम्बे की विशेष कृपा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

स्थानीय प्रशासन से भी सभी आवश्यक सहयोग की अपील की गई है ताकि कार्यक्रम निर्विघ्न रूप से संपन्न हो सके। समिति ने तहसीलदार और नगरपालिका अधिकारियों को अवगत कराकर कार्यक्रम की अनुमति और आवश्यक सहयोग के लिए आवेदन भी प्रस्तुत किया।

# दूरस्थ निवासरत लोगों का ड्रायविंग लायसेंस बनाने ब्लॉक स्तर पर भी आरटीओ कैम्प लगाएं : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कलेक्टर ने समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक लेकर विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा किया। साथ ही उनके निराकरण के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिला मुख्यालय कांकेर की तर्ज पर ब्लॉक मुख्यालयों में भी ड्रायविंग लायसेंस बनाने के लिए शिविर आयोजित करने के निर्देश जिला परिवहन अधिकारी को दिए ताकि दूरस्थ क्षेत्रों में निवासरत युवाओं को लायसेंस बनवाने में सुविधा हो। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में 1 अक्टूबर को सुबह साढ़े 10 बजे से आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने सीजीएमएससी के द्वारा बड़ी संख्या में किए जा रहे निर्माण कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्हें शीघ्रता से पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।

■ लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर, कार्रवाई के दिए निर्देश

इसी तरह बारिश के मौसम में खराब हो चुकी मरम्मत योग्य सड़कों का सुधार जल्द से जल्द संबंधित एजेंसी द्वारा कराए जाने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपालन अभियंता को निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर ने अपलेखन योग्य वाहनों की सही जानकारी नहीं देने पर नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारियों से कहा कि यदि भ्रमण के दौरान किसी कार्यालय परिसर में ऐसे वाहन नजर आए तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही की जाएगी।

ठोस अपशिष्ट पदार्थ प्रबंधन की समीक्षा करते हुए न्यून प्रगति वाले विकासखण्ड के सीईओ को निर्देशित किया कि इसे गंभीरता से नहीं लेने वाले विकास विस्तार अधिकारियों एवं सहायकों को तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी करे। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किस्त की राशि जारी होने के बाद भी निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने पर असंतुष्टि जाहिर करते हुए कलेक्टर ने सभी जनपद सीईओ को व्यक्तिगत रूचि लेते हुए स्थल निरीक्षण करने व शीघ्रता से कार्य शुरू कराने के लिए निर्देशित किया। इसके अलावा ओबीसी सर्वे में लक्ष्य के विरूद्ध कम उपलब्धि वाले ब्लॉकों में सर्वे कार्य में तेजी लाने के लिए कहा। इसी तरह सभी अधूरे निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण कराने, नियद नेल्लानार योजना, मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना, पोषण पुनर्वास केन्द्रों में बेड ऑक्यूपेंसी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व विभाग, पुलिस, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, आदिवासी विकास, स्कूल शिक्षा, विद्युत, लोक निर्माण विभाग, वन, सेतु निर्माण सहित विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उनके गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर डीएफओ आलोक वाजपेयी, हेमंचद पहारे, जिला पंचायत सीईओ सुमित अग्रवाल, एडीएम एस अहिरवार, बीएस उइके, जितेन्द्र कुर्रे सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप

### गांधी जयंती पर जिले में शुष्क दिवस आज

**दंतेवाड़ा।** जिले में दो अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दिन जिले की सभी देशी मदिरा दुकान सीएस 2 घ एवं विदेशी मदिरा दुकान एफएल 1 घ तथा एफएल 7 सैनिक कैंटीन फुटकर अनुज्ञप्ति पूर्णतः बंद रहेगी।

### जापोड़ी बना हर घर जल प्रमाणित ग्राम



**गीदम।** जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में एवं कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन, निखिल कंवर के मार्गदर्शन में विकासखण्ड गीदम के ग्राम जापोड़ी में गत दिवस जल उत्सव का आयोजन कर ग्राम पंचायत सरपंच कमला नेताम, सचिव सोनाधर यादव द्वारा ग्राम जापोड़ी को हर घर जल ग्राम घोषित किया गया। इस अवसर पर सरपंच ने कहा कि जल जीवन मिशन के आने से घरों में जैसे बहुत सारी खुशियां आ गई है और गांव की सभी महिलाएं बहुत खुश हैं।

### नाग मंदिर परिसर की हुई साफ-सफाई



**गीदम।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कोरलापाल के महत्वपूर्ण स्थानों के साथ नागमंदिर परिसर की भी साफ-सफाई की गई।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत 2 अक्टूबर तक चल रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जनपद पंचायत गीदम के ग्राम पंचायत कोरलापाल में जनपद स्तरीय स्वच्छता मुहिम कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें कोरलापाल के महत्वपूर्ण स्थानों के साथ नागमंदिर परिसर की सफाई की गई। जिसमें जिला उपाध्यक्ष सत्यजीत चौहान, जिला मंत्री सत्यनारायण महापात्र एवं मण्डल अध्यक्ष भुनेश्वर भरद्वाज के साथ ही एसएचजी समूह एवं उक्त जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से किया गया। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत मंदिर परिसर की सफाई उपरांत मंदिर परिसर में पौधा रोपण कर स्वच्छता शपथ लिया गया।

### लगातार हो रही दुर्घटनाओं से लोगों में आक्रोश : ताटी

**भोपालपटनम।** जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी ने कहा कि जगदलपुर निजामाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग 63 में बीजापुर से मद्देड़ के बीच मोदकपाल नाला एवं पोटाकेबिन संगमपल्ली के पास बने अंधा मोड़ पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं से लोगों में काफी आक्रोश है। इस मोड़ पर भारी वाहनों के साथ-साथ चार पहिया एवं दोपहिया वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने से अब तक कई लोगों की मौतें हुई है। इसके बावजूद भी संबंधित विभाग द्वारा इस अंधे मोड़ के सुधार की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ताटी ने राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिकारियों पर घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए लगातार हो रही इन दुर्घटनाओं के लिए संबंधित विभाग को जिम्मेदार ठहराया है। ताटी ने तत्काल इस अंधा मोड़ का सुधार कराकर लोगों को राहत दिलाने की मांग की है।



## नक्सलियों के तर्ज पर स्थानीय बोली में हो रहा है आयोजन

# अब गोली नहीं बोली से ग्रामीणों को करेंगे जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा





पुलिस जन-जागरूक कला मंच द्वारा लगातार अन्दरूनी ग्रामों के ग्रामीणों को जागरूक करने का कार्यक्रम आयोजन किया जायेगा। उक्त मंच के जागरूकता अभियान में ग्रामीण लगातार जुड़ रहे है तथा शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों के संबंध में जानकारी प्राप्त कर रहे है।

■ चिंतलनार थाना क्षेत्र में पुलिस ने प्रारंभ किया कार्यक्रम

अब सुकमा जिले में पुलिस गोली के बजाय बोली से आदिवासी ग्रामीणों का दिल जीतने की तैयारी में है। नक्सलियों के सांस्कृतिक व नृत्य के माध्यम से प्रचार-प्रसार के तर्ज पर पुलिस भी बीहड में पहुंच कर ग्रामीणों को जहां शासन की योजना की जानकारी दे रही है तो दुसरी ओर स्थानीय भाषा के साथ प्रस्तुत नृत्य से ग्रामीणों का भी आर्कषण बड़ रही है।

1 अक्टूबर को थाना चिंतलनार क्षेत्रन्तर्गत ग्राम गड़गड़मेटा में पुलिस जन-जागरूक कला मंच द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया।

पुलिस जन-जागरूक कला मंच के माध्यम से नक्सलियों के विकास विरोधी, अमानवीय, खोखली विचारधारा एवं अत्याचार के विरूद्ध शासन के जन-कल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों के बारे में आम जनताओं को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम गड़गड़मेंटा, मुकरम, मोरपल्ली, करकनगुड़ा, सुरपनगुड़ा, ताड़मेटला, कुमोड़तोंग, गोलागुड़ा, कोत्तागुड़ा व आसपास के अन्य ग्रामों के ग्रामीण उपस्थित हुए।

पुलिस जन-जागरूक कला मंच द्वारा लगातार अन्दरूनी ग्रामों के ग्रामीणों को जागरूक करने का कार्यक्रम आयोजन किया जायेगा। उक्त मंच के जागरूकता अभियान में ग्रामीण लगातार जुड़ रहे है तथा शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों के संबंध में जानकारी प्राप्त कर रहे है।

इस जागरूकता अभियान के माध्यम से ग्रामीण, नक्सलियों के विकास–विरोधी विचारधारा से दूर हो रहे है। इस जागरूकता अभियान के माध्यम से मुख्य धारा से भटके हुए युवाओं एवं अन्य ग्रामीणों को मुख्य धारा में वापस आने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

**नक्सलियों द्वारा किये जा रहे गुमराह का होगा पर्दाफाश**

सुकमा जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीखिल राखेचा ने बताया कि पुलिस परिवार द्वारा उक्त आयोजन किया जा रहा है। जिस तरह से आये दिन किसी भी घटना का नक्सलियों द्वारा ग्रामीणों को अलग-अलग माध्यमों से गुमराह किया जाता रहा है अब पुलिस इस तरह के जागरूकता अभियान उन्ही के बोली में चलाकर ग्रामीणों को शासन की योजना के साथ-साथ सरकार के विकास कार्यो से अवगत करायेगी।

## विभिन्न मंदिरों में घी से प्रज्वलित ज्योति कलशों की हो जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मां दंतेश्वरी मंदिर सहित जिला के जितने भी मंदिरों में घी के ज्योति कलश प्रज्वलित किए जा रहे हैं उसकी निगरानी हिंदू संगठनों और खाद्य विभाग द्वारा की जानी चाहिए। जिस हिसाब से बालाजी मंदिर तथा देश के दूसरे मंदिरों से घी के नाम पर भक्तों की भावनाओं को आहत किया जा रहा है।

इसे देखते हुए शहर में भी सतर्क रहने की जरूरत है। दंतेश्वरी मंदिर में ज्योति कलश प्रज्वलित कराने वाले बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। सोमवार को लोगों ने कहा कि लगभग सभी मंदिरों में घी और तेल के ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाएंगे। घी ज्योति कलश स्थापना के नाम पर मोटी शुल्क वसूली जाती है।

मंदिरों में घी का प्रयोग किया जा रहा है। वह सात्विक है कि नहीं इसे लेकर लंबे समय से भक्तों के मन में संदेह है। भक्त जब ज्योति कलश का दर्शन करने मंदिर पहुंचते हैं तो उन्हें दूर से दर्शन कराया जाता है, इसलिए यह ज्ञात ही नहीं हो पता कि प्रज्वलित ज्योति कलश शुद्ध घी से जलाया गया है कि नहीं।

### वृद्धाश्रम के वृद्धजनों को दी गई विधिक जानकारी



**गीदम।** 1 अक्टूबर वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष विजय कुमार होता के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपूर्वा दांगी द्वारा गीदम के हारम स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया गया। इस वृद्धाश्रम में वर्तमान में 10 वृद्ध निवासरत हैं। इस मौके पर डांगी द्वारा उनकी समस्याओं को सुनकर उनके निदान के संबंध में वहां के कर्मचारियों को निर्देश दिए। साथ ही यहां के निवासरत वरिष्ठजन हेतु विधिक शिविर लगाकर संबंधित कानून एवं योजनाओं के बारे में बताया गया। इस दौरान कार्यालय के स्टाफ भीमा कवासी, पैरा लीगल वॉलंटियर सुखदेव, जमुना स्थाम एवं वृद्धाश्रम में कार्यरत समस्त कर्मचारी उपस्थित रहें।

## विधायक ने हरी झंडी दिखाकर किया मैराथन दौड़ का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा




आज स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जिला कार्यालय से गायत्री मंदिर चौक तक जन जागरूकता मैराथन दौड़, का आयोजन हुआ। इस मैराथन दौड़ का शुभारंभ स्थानीय विधायक चैतराम अटामी ने प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस दौड़ में जिला पंचायत सदस्य रामू नेताम, नगरपालिका उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुलदीप ठाकुर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, सरपंच, ग्राम पंचायत चितालंका समस्त विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों एवं यूनिसेफ के साथ-साथ महेन्द्र कर्मा कॉलेज के राष्ट्रीय स्वयं सेवक के छात्र-छात्राओं, युवोदय वॉलेंटियर शामिल हुए, इसके साथ ही अंत में प्रतिभागियों द्वारा स्वच्छता शपथ ली गई।

## सेड़वा में बच्चों को दिए गए पढ़ाई का सामान और कपड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा




241 बस्तरिया बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों द्वारा 1 सितम्बर को मिडिया स्कीम प्लान बहुत ही हर्षोल्लास के साथ ग्राम सेडवा में मनाया गया। इस अवसर पर सुदूर क्षेत्रों व अन्य स्कूलों से आमंत्रित बच्चों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं ग्रामीणों के साथ शिक्षा एवं रोजगार के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना तथा नक्सलवाद छोड़ो विकास से नाता जोड़ो संबंधी उद्घोष की विचारधारा के साथ मनाया गया। इस जागरूकता आयोजन का मुख्य उद्देश्य आदिवासी एवं मुख्यधारा से पिछड़े लोगों को जागरूक कराना, ग्रामीणों को सरकार के कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताना एवं नक्सल उन्मूलन में सहभागिता के बारे में जानकारी दी गयी।

कार्यक्रम के तहत आयोजन में सम्मिलित सभी स्कूली बच्चों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को स्टेशनरी सामग्री, कपड़े इत्यादि के वितरण के साथ अल्पाहार कराया गया। बच्चों एवं शिक्षकों को 241 बस्तरिया बटालियन सेड़वा कैम्प का भी भ्रमण कराकर इसके बारे में समझाया। जिसके फलस्वरूप बच्चे काफी उत्साहित एवं जोश में दिखें। इस अवसर पर संबंधित क्षेत्रों के विशेषज्ञों द्वारा स्कूली बच्चों एवं युवाओं को कौशल विकास जैसे मधुमक्खी पालन, जैविक कृषि, मौसमी खेती का रख-रखाव तथा जैविक उर्वरक का सही इस्तेमाल इत्यादि पर मार्गदर्शन एवं जानकारी दी गयी। इस अवसर पर चूणामणि सिंह, प्रभागीय वन अधिकारी कांकेरवैली मुख्य अतिथि रहे। इसके अतिरिक्त हरविंदर सिंह कमाण्डेन्ट 241 बटालियन, संजय कुमार द्वितीय कमान अधिकारी, विकास कुमार उप कमाण्डेन्ट, नीरज पवार सहायक कमाण्डेन्ट, मृत्युन्जय कुमार सहायक कमाण्डेन्ट, प्रोफेसर वेद प्रकाश पाण्डेय, प्रोफेसर राजेश यालम एवं सेडवा ग्राम सरपंच उपस्थित रहे।

## विधायक ने पोषण आहार में सहभागी बने आंगनबाड़ी के महिलाओं को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोकापाल




राष्ट्रीय पोषण माह 1 सितंबर से 30 सितंबर मनाया जाता है, जिसका सोमवार को समापन समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम तोकापाल ब्लाक के सोसनपाल ग्राम पंचायत के आंगनबाड़ी में किया गया जहां कार्यकर्ताओं ने स्थानीय विधायक विनायक गोयल का आत्मीय स्वागत किया। आपको बता दें कि राष्ट्रीय पोषण माह, हर साल सितंबर के महीने में मनाया जाता है।

यह पोषण और आहार विज्ञान अकादमी द्वारा शुरू किया गया, एक वार्षिक अभियान है। इस महीने में देशभर में सही पोषण के लिए जागरूकता बढ़ाने के लिए कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, इनमें पोषण रैलियां, पोषण भोजन वितरण, प्रभात फेरी, स्कूलों में पोषण पाठ आंगनवाड़ी, खाद्य प्रदर्शनी, सामुदायिक जागरूकता वर्ग, न्यूट्रिया-नस्थ पाक कला प्रतियोगिता, सलाद तैयारी, रील बनाना, पोषण माह के दौरान सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्वस्थ खाने के व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए अभियान चलाए जाते हैं। पोषण माह की गतिविधियां सामाजिक व्यवहार परिवर्तन और संचार पर आधारित होती हैं। साल 2024 में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह की थीम सभी के लिए पौष्टिक आहार थी। समापन समारोह में विधायक विनायक गोयल ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा साहिकाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन को सराहा है।

श्री गोयल ने कहा बच्चों का प्रथम शिक्षा आंगनबाड़ी केंद्र से ही शुरू होती है जहां कार्यकर्ताओं के द्वारा पूरा समय देते हैं जबकि इस उम्र के बच्चों संभालना बहुत मुश्किल होती होगी फिर भी आप इन बच्चों का भविष्य यहीं से संवारती हो साथ गर्भवती महिलाओं को तथा महतारियों को भी आप संभालती हो समय-समय में पोषण आहार देती हो साथ ही समय में अस्पताल ले जाती हो आप लोगों का कार्य वाकई बहुत अच्छा है।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सोमारू कश्यप, भाजपा कार्यकर्ता बाबुल नाग, वरिष्ठ कार्यकर्ता मीता मुखर्जी, सुभाष नाग, कुमारी पद्मनी कश्यप तथा मिहिला बाल विकास विभाग की अधिकारी तथा कार्यकर्ता ग्रामीण मौजूद थे।

## एसटी, एससी व ओबीसी संघर्ष समिति की ग्राम स्तरीय बैठक की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



रविवार को ग्राम इलमिडी के स्कूल भवन के सामने मैदान में एसटी, एससी और ओबीसी वर्ग की ग्राम स्तरीय बैठक सम्पन्न हुई। वहीं तीनों वर्ग एसटी, एससी व ओबीसी के लोग एकजुट होकर ग्राम स्तरीय एसटी, एससी व ओबीसी का गठन किया गया है। एसटी एससी ओबीसी आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के ग्राम स्तरीय अध्यक्ष सिट्टी मोरला, उपाध्यक्ष गोवर्धन किसर ,मडी सम्मैया, सचिव परिक्षित केजी, सहसचिव राकेश ककेम, कोषाध्यक्ष सडवली कावरे, मीडिया प्रसाद चन्नम के अलावा कार्यकारणी सदस्य का गठन किया है। वहीं बैठक में एसटी, एससी और ओबीसी वर्ग के प्रमुखों ने बैठक कर मूलभूत सुविधाओं और विकास के लिए विस्तार से चर्चा भी की। बैठक विशेष रूप से ग्राम सम्बंधित समस्या सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा भी की गई।

इस बैठक में सर्व आदिवासी समाज के प्रांतीय उपाध्यक्ष नरेन्द्र बुरका, दोरला समाज के सम्भागीय अध्यक्ष व जनपद पंचायत सदस्य अनील बुरका, महार समाज के अध्यक्ष केके चापडी, सर्व समाज ब्लाक संरक्षक बीएस नागेश, नागेश झाडी, केबी सम्मैया, रूद्रप्रताप झाडी, अशोक बुरका, अजय बुरका, नरसिंह चन्नम, नारायण चन्नम, कडती मारैया के अलावा बैठक में आसपास के ग्रामीण एवं महिलायें मौजूद थे।

## सर्व मूल बस्तरिया समाज की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

दंतेवाड़ा में मंगलवार को सर्व मूल बस्तरिया समाज जिला दक्षिण बस्तर की जिला स्तरीय बैठक आहूत की गई। जिसमें सभी 22 समाज के समाज प्रमुख एवं सदस्य गण उपस्थित हुए।

पिछले दिनों में हुए बैठकों के कई दौर के पश्चात आज के बैठक में सभी समाज प्रमुख और सदस्य गणों ने सर्वमत से एक आवाज में वर्तमान सर्व मूल बस्तरिया समाज जिला दंतेवाड़ा कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया। पारस ठाकुर की अध्यक्षता में सभी ने एकजुट होकर एक मत से पुनर्गठन करने का निर्णय लेते हुए धुरवा समाज के जयराम कश्यप को जिला अध्यक्ष एवं जिला सचिव के रूप में किशोर दीवान, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष परमा बाई नाग को सर्वसम्मति से चयन किया। साथ ही अन्य पदाधिकारियों का चयन किया गया। बैठक में सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मूल बस्तरिया समाज कैसे आत्मनिर्भर बने इस दिशा में प्रयास करने पर बल दिया।

## विज्ञान मेला के विजेताओं को मिला गोल्ड व ब्रांज मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम




■ प्रतियोगिता में नितेश ने प्रथम एवं आयुष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया

विद्यार्थियों में नवाचार, वैज्ञानिक सोच और विश्लेषणात्मक प्रवृत्ति को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल में जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग दंतेवाड़ा द्वारा जिला स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला का आयोजन हुआ। इस प्रदर्शनी का मुख्य विषय सतत भविष्य के लिए विज्ञान प्रौद्योगिकी और उप-विषय खाद्य स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, संचार व परिवहन, प्राकृतिक खेती, आपदा प्रबंधन, अपशिष्ट प्रबंधन और संसाधन प्रबंधन था। विकासखंड गीदम के एजुकेशन सिटी जावंगा स्थित आस्था विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल के कक्षा 11वीं के छात्र नितेश माड़वी ने आपदा प्रबंधन पर नवाचार प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया। पश्चिम भारत विज्ञान मेला जिला स्तरीय प्रदर्शनी में नितेश माड़वी ने व्यक्तिगत वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया। कक्षा 11वीं के छात्र आयुष जैन ने संचार एवं परिवहन प्रबंधन पर नवाचार प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया। पूरे दंतेवाड़ा जिले में आयुष जैन ने व्यक्तिगत वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त कर ब्रोंज मेडल हासिल किया। कक्षा 9वीं का छात्र विवेक कुंजाम ने समाज कल्याण में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की संभावनाएं एवं उपयोग विषय पर विज्ञान सेमिनार व्याख्यान प्रस्तुत किया। व्याख्याता व प्रोजेक्ट समन्वयक अमुजुरी विश्वनाथ ने बताया कि आस्था के यह तीन बच्चें विकासखंड स्तरीय प्रदर्शनी प्रतियोगिता में चयनित हो कर जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में अपना प्रतिभा का परिचय दिये। अब जोन स्तरीय पश्चिम भारत विज्ञान मेला एवं प्रतियोगिता में अपना नवाचार हुनर का प्रदर्शन करेंगे। विजेताओं को अतिथि जनप्रतिनिधियों, जिला शिक्षा अधिकारी एसके अंबस्ता, जिला मिशन समन्वयक हरीश गौतम, एपीसी व कार्यक्रम समन्वयक नेहा नाथ ने प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया।

## बच्चों ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड




अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस 1 अक्टूबर के अवसर पर बस्तर विकास खंड के संकुल केंद्र लामकेर के प्राथमिक शाला डेंगगुड़ा झारतरई के बच्चों ने ग्राम के 13 वृद्ध जनों को गमछा, श्रीफल एवं फूल मालाओं से स्वागत कर सम्मानित किया।

शाला के शिक्षिकाओं झरना अग्रवाणी एवं नेहा कश्यप ने वृद्धजनों के स्वास्थ्य कल्याण एवं अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने व बच्चों में वृद्धजनों हेतु आदर-सम्मान की भावना विकसित करने के लिए शाला में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाए जाने की बात कही। सम्मानित वृद्धजन भी अपनत्व की भावना से अभिभूत दिखे, छोटे-छोटे बच्चों के हाथों सम्मानित होकर उनकी आंखों में खुशी के आंसू आ गए, वे सभी भावुक हो गए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऐसा आयोजन प्रतिवर्ष शाला में ही नही पंचायत स्तर पर भी होना चाहिए। ये हमें स्वस्थ रहने एवं जीवन के प्रति सकारात्मक सोच रखने के लिए प्रेरित करेगा।

**गांव के बुजूर्गों का हुआ सम्मान**

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर ग्राम झारतराई के गोबरू, कमलू, अस्तू, महादेव, नाड़ा, झड़गु, रति, अस्ती, पदमा एवं अन्य का सम्मान किया गया। वृद्ध जन सम्मान पाकर गदगद हो गए, उनका कहना था कि बच्चों के हाथ से यह सम्मान पाना हम सभी के लिए सुखद रहा।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### ग्रामीण ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत भैसमुंडी निवासी 50 वर्षीय जय कुमार नेताम पिता स्व. सोमनाथ ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। भैसमुंडी निवासी राजकुमार नेताम ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अज्ञात कारणो के चलते 28 सितंबर को फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### लोहत्तर में जनसमस्या निवारण शिविर कल

**कांकेर।** कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिले के आम नागरिकों की आवश्यकताओं, शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का सतत आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरूवार 3 अक्टूबर को दुर्गुकोंदल विकासखण्ड के कलस्टर दमकसा की ग्राम पंचायत लोहत्तर में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित होगा। जानकारी के अनुसार उक्त शिविर ग्राम पंचायत लोहत्तर में सुबह साढ़े 10 बजे से दोपहर ढाई बजे तक लगाया जाएगा, जिसमें ग्राम परभेली, जाड़ेकुर्से, दमकसा, पेड़ावारी, राउरवाही, आमाकड़ा, बरहेली, चिहरो, कोण्डरूंज, कराकी और गुदुम के ग्रामीण शामिल होंगे। कलेक्टर ने उक्त शिविर में ब्लॉक स्तरीय एवं क्लस्टर स्तर के अधिकारी-कर्मचारी के अलावा सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को भी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए हैं।

### नवरात्रि उत्सव के आयोजनों और पंडालों के लिए लें बिजली कनेक्शन

**कांकेर।** कांकेर जिला के अन्तर्गत आने वाले समस्त आमजनों व नवरात्रि उत्सव समितियों के संचालकों को जानकारी देते हुए विभाग के अधिकारीयों ने कहा कि सभी धार्मिक उत्सव व आयोजनों में लगने वाले पूजा पंडालों के लिए बिजली विभाग की अनुमति से ही अस्थाई वैध कनेक्शन प्राप्त करें, ताकि बिजली के अनाधिकृत उपयोग से होने वाली दुर्घटना जैसे पंडलों व उपकरणों में आग लगने जैसे अप्रिय घटनाओं से बचा जा सकें और साथ ही पंडालों की स्थापना उच्चदाब व निन्नदाब लाईनों के नीचे कदापि ना करें, जिससे घातक अघातक दुर्घटना होने की आंशका ना बनी रहें। नवरात्रि समितियों के संचालकों को निवेदन किया गया है कि पंडालों के लिए अधिकाधिक एलईडी लाईट का प्रयोग करें, जिससे विद्युत की खपत कम हो सकें। पंडालों के लिए उपयोग में आने वाले बिजली कनेक्शन धार्मिक व सामाजिक प्रायोजनों के लिए प्रदान किए जाएंगे। अतः समीपस्थ विद्युत वितरण केन्द्र कार्यालय में पदस्थ अधिकारीयों से सम्पर्क कर प्रस्तावित लोड का सही-सही आकलन करवाकर बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन प्रस्तुत करें।

### शेरावाली मंदिर में ज्योति कलश स्थापना कल

**जगदलपुर।** मां सूर्यमुखी लाटावाली शेरावाली मंदिर कुरुंदी रोड नकटी सेमरा में शारदीय नवरात्र हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। 3 अक्टूबर को सुबह 11.30 बजे पूजन पश्चात ज्योति कलश की स्थापना की जाएगी।

**दहशत : बस्ती में आने से ग्रामवासियों में दहशत**


# दुधावा बस्ती में घुसा तेंदुआ, बच्चे पर किया हमला गंभीर हालत में कांकेर के बाद रायपुर रिफर

**देर शाम बच्चा अपने दोस्त से मिलने जा रहा था उसी दौरान तेंदुए ने किया आक्रमण**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुधावा/ कांकेर

ग्राम दुधावा में आज शाम 7 बजे तेंदुए ने एक 11 साल के बच्चे पर हमला कर दिया। गंभीर रुप से घायल बच्चे को स्थानीय, कांकेर अस्पताल में इलाज के बाद देर रात रायपुर के लिए रिफर किया गया है। हादसे के बाद वनविभाग के आला अधिकारी भी घटनास्थल व अस्पताल पहुंचे और हालाता का जायजा लिया।

हमारे संवाददाता से मिली जानकारी के अनुसार दुधावा बस्ती में रहने वाला नीरज ध्रुव मंगलवार को देर शाम अपने दोस्त के घर खेलने जा रहा था। उसके दोस्त का घर बस्ती में ही खेत के पास था। जैसे ही नीरज अपने दोस्त के घर के पास पहुंचा एक तेंदुए ने अचानक आक्रमण कर दिया। उसके चेहरे व आसपास पकड़ लिया। कुछ लोगों ने देखा तो जमकर हल्ला मचाया और स्थल की ओर जो भी सामान मिला लेकर दौड़े। हल्ला की आवाज सुनकर तेंदुआ जंगल की ओर भाग निकाला। तब तक नीरज की हालात काफी गंभीर हो गई। ग्रामीणों ने वन अधिकारियों को सूचना देने के साथ ही बच्चों को लेकर स्वास्थ्य केन्द्र सारवंडी पहुंचे। बच्चों के प्राथमिक उपचार के बाद उसे कांकेर रिफर कर दिया गया।



### हादसे की सूचना पर पहुंचे वन विभाग के आला अफसर

*घटना की जानकारी मिलते ही फारेस्ट गार्ड हितेंद्र जैन, रेंजर अब्दुल रहमान, एसडीओ फारेस्ट आरएच मरकाम, डीएफओ आलोक बाजपेयी हरकत में आ गए। कुछ घटनास्थल के ओर गए तो बड़े अफसर जिला मुख्यालय कांकेर अस्पताल पहुंचे। रेंजर श्री रहमान ने बताया की घटना देर शाम की है। जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर वन विभाग कर्मचारी पहुंचे और बच्चे के पास अस्पताल भी पहुंचे। तत्कालिक मदद के रुप में 10 हजार दिया गया है। घायल बच्चों को रायपुर रिफर किया गया है। बच्चे के साथ वनकर्मी भी रायपुर जाएंगे। जो भी मदद होगी परिजन को की जाएगी।*



### गांव में छाई दहशत

*बस्ती में तेंदुए के पहुंचने पर दहशत है। बच्चे के ऊपर हमला करने से ग्रामीण बहुत ज्यादा भयभीत हैं। उनका कहना है कि तेंदुए को खून लग गया है, इससे भविष्य में परेशानी होगी। वनविभाग के अफसरों का कहना है कि ग्रामीणों को घर में ही रहने की समझाइश दी जा रही। साथ वनकर्मी आसपास सर्चिंग करेंगे।*

# स्पोकन इंग्लिश प्रशिक्षण में शिक्षकों ने दिखाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर



- विकासखंड भानुप्रतापपुर में पांच दिनों तक किया गया आयोजित
- 182 प्राथमिक शालाओं के 182 शिक्षकों को दिया

भानुप्रतापपुर विकासखंड के 182 प्राथमिक शालाओं के कुल 182 शिक्षकों को स्पोकन इंग्लिश अंतर्गत पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में तीनुराज महेंद्र, मार्टिना थॉमस, नीतू लटिया, सुधा पांडे, उपेंद्र वर्मा, सुनील कुमार बड्डदे, वेदप्रकाश सिंह, आयुष मिश्रा के द्वारा सभी शिक्षकों को विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से तथा अलग- अलग प्रविधियां के द्वारा लगातार प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण का प्रमुख उद्देश्य बच्चों में अंग्रेजी भाषा के प्रति पैदा हो रहे डर को दूर करना तथा विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से अंग्रेजी बोलने में दक्ष करना है। पूरे प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण सत्र में प्रतिभागियों को किसी भी प्रकार के विचार तथा प्रश्न को अंग्रेजी में ही पूछ कर व्यक्त करना था। प्रशिक्षण का संचालन समग्र शिक्षा अभियान विकासखंड स्त्रोत केंद्र कार्यालय भानुप्रतापपुर के द्वारा किया जा रहा है। प्रशिक्षण अवधि में सदेसिंह कोमरे खंड शिक्षा अधिकारी, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी दुर्गेश शोरी, विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक राधेलाल नुरुटी के द्वारा प्रशिक्षण केन्द्रों का सघन निरीक्षण कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता तथा व्यवस्था बनाए रखने में के लिए आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। उल्लेखनीय है कि राज्य की शासकीय शालाओं में अंग्रेजी विषय का अध्यापन तो किया जाता था परंतु स्पोकन इंग्लिश पर इस प्रकार के प्रशिक्षण का आयोजन पहली बार किया जा रहा है। प्रशिक्षार्थियों के उत्साह तथा लगन को देखते हुए उम्मीद है कि आगामी दिवसों में विकास खंड तथा जिले की शालाओं में अंग्रेजी विषय की गुणवत्ता में वृद्धि होगी ।प्रशिक्षण प्राथमिक से लेकर हायर सेकेंडरी तक के सभी शिक्षकों को दिया जाना है। उक्त प्रशिक्षण के प्रशिक्षण प्रभारी धर्मराज कोरेटी एवं दौलत सिंह ठाकुर थे।

# क्रिकेट प्रतियोगिता में मोहला विजेता, उपविजेता रही भाओसा



**भानुप्रतापपुर।** ग्रामीण अंचल के खिलाडिय़ों को क्रिकेट में उचित प्लेटफार्म देने के उद्देश्य से नगर में भानुप्रतापपुर क्रिकेट क्लब द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसका समापन किया गया। विजेता टीम मोहला और उपविजेता भाओसा को चमचमाती ट्रॉफी के साथ नगद राशि प्रदान की गई। इस प्रतियोगिता का समापन रविवार को किया गया। क्रिकेट एक ऐसा खेल है जिसके कई महत्वपूर्ण कायदे और फायदे हैं। यह एक ऐसा खेल है जो खिलाड़ियों को संघर्ष सिखाने के साथ उनमें नेतृत्व क्षमता को विकसित करने में मदद करती है। ग्रामीण अंचल में भी बहुत ही प्रतिभावान खिलाड़ी मौजूद हैं, बस उन्हें सही मार्गदर्शन एवं प्लेटफार्म पर पहुंचाने का दरकार है। भानुप्रतापपुर नगर में प्रतियोगिता का आयोजन प्रति वर्ष होता है, जिससे खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है। समापन समारोह के मुख्य अतिथि दिपेश चोपड़ा रहे। विशेष अतिथि प्रवीन सिंग ठाकुर,जितेंद्र जयसवाल ,सुनील बबला पाढ़ी, पंकज राज वाधवानी, मनीष टेम्पा योगी, रिसभ गजेंद्र,रूपेन्द्र मरकाम , हितेश तिवारी, गुरपाल सिह रंधावा , सतीश श्रीवास्तव ,निक्की ठाकुर , विष्णु कचलाम रहे।क्रिकेट प्रतियोगिता को सफल बनाने में अध्यक्ष अर्षदीप रंधावा,उपाध्यक्ष उमंग जैन (rocky) कोषाध्यक्ष नजिस फहरुकी एवं टीम मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में चालक की हुई मौत, अपराध कायम





**कांकेर।** आमाबेड़ा थानांतर्गत छोटे तेवड़ा जाने वाले मार्ग में बाइक चालक ने वाहन से अपना नियंत्रण खो दिया व दुर्घटना का शिकार हो गया। सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट आने की वजह से चालक की इलाज के दौरान मौत हो गया। रायपुर से मर्ग डायरी आमाबेड़ा थाना में पेश करने से पुलिस ने विवेचना में लिया था।

विवेचना में पाया गया कि 12 नवंबर 2023 को सुबह 10 बजे ग्राम छोटे तेवड़ा खालेपारा रोड़ पर मृतक मुकेश शोरी स्वयं मोटर सायकल वाहन क्रंमाक सीजी 19 बीएम 7973 को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चला रहा था। बाइक अनियंत्रित होने से चालक बाईक समेत जमीन पर गिर गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई थी। इलाज के लिए रायपुर के अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां ईलाज के दौरान 17 नवंबर को मुकेश शोरी की मौत हो गई। मृतक मुकेश द्वारा मोटर सायकल को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर स्वयं से गंभीर रूप से घायल होने व मौत होना पाया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 304(ए) भादवि के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# स्वयंसेवकों ने की मंदिर प्रांगण और अमृत सरोवर की साफ- सफाई





**सरोना।** राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक एवं प्राचार्य के मार्गदर्शन में शासकीय महाविद्यालय सरोना के स्वयं सेवकों ने शीतला माता मंदिर प्रांगण और अमृत सरोवर में सफाई अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम अधिकारी एसके मरकाम के निर्देशन में चलाए गए इस सफाई अभियान ने न केवल क्षेत्र की सफाई की बल्कि स्थानीय समुदाय में स्वच्छता का संदेश भी फैलाया। इस पहल से ग्रामीणों में जागरुकता बढ़ी और उन्होंने स्वयं भी सफाई के महत्व को समझा। महाविद्यालय के इस प्रयास की प्रशंसा की जा रही है और इसे एक सकारात्मक उदाहरण के रूप में देखा जा रहा है। समापन में शासकीय महाविद्यालय सरोना के स्वयंसेवकों ने अपनी सक्रियता और सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय देते हुए एक सशक्त संदेश दिया है कि स्वच्छता ही स्वास्थ्य है।

**ये रहे उपस्थित**- कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डीएल पटेल एवं प्राचार्य आर ध्रुव के मार्गदशन में सफाई कार्य में महाविद्यालय के 70 सेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रमुख स्वयं सेवकों में संजय कुमार कुंजाम, उत्तर नेताम, सीतांशु बघेल, मुस्कान नाग, शीतल नेताम, वैदराज कुबेर, माधुरी बघेल, वर्षा जैन, रोशन मरकाम, चंद्रकला सोनवानी व अन्य छात्र उपस्थित रहें।

# साढ़े चार लीटर महुआ शराब जब्त, युवक गिरफ्तार



**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत कांटागांव में पुलिस ने छापामार कार्रवाई करते हुए युवक के कब्जे से हाथ भट्टी से बना हुआ साढ़े 4 लीटर महुआ शराब और नकद 200 रुपए को जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि ग्राम कांटागांव निवासी धनंजय कुमार विश्वकर्मा अपने मकान बाड़ी में महुआ शराब बिक्री करने के लिए रखा हुआ है। मिली जानकारी कि तस्दीक करने के उपरांत पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए आरोपी के घर बाड़ी में दबीश दिया। कार्यवाही के दौरान आरोपी खासपारा कांटागांव निवासी 37 वर्षीय धनंजय कुमार विश्वकर्मा पिता दीनदयाल विश्वकर्मा अपने घर बाड़ी में सफेद रंग का 10 लीटर वाला प्लास्टिक जरकीन पकड़कर बैठा हुआ था, जिसमें देशी महुआ शराब भरा था। आरोपी के कब्जे से कुल साढ़े 4 लीटर देशी महुआ शराब कीमती 580 रुपए और नकद 200 रुपए को जब्त कर धारा 34 (1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### मिनी माता सम्मान के लिए 1 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं विशेष रूप से अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक महिलाओं के उत्थान के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला, अशासकीय संस्थाओं से मिनी माता सम्मान महिला उत्थान के लिए 10 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है।

Hiring Teacher's
We are Hiring
English Teacher's for our school.
must be fluent in English Language.
Salary Depends on your Qualification and Demo.
Sunrise National School Pakhanjur kanker
6267532388, 6260460918

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक, 23 दिसंबर से 29 दिसंबर 2024, 02 मई से 08 मई 2025
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
बनी रहे मुस्कान
कटे होंठ व तालु का निःशुल्क ईलाज स्माइल ट्रेन के सौजन्य से
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 20 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 +
Resume Whatsapp करें
8370049468, 9098324969
हरिभूमि कार्यालय
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर

कैंसर रोग
जांच परामर्श ओपीडी सेवाएं
3 अक्टूबर 2024, गुरुवार
RAMKRISHNA CARE HOSPITALS
स्थान: श्रीराम हॉस्पिटल, जगदलपुर रोड, कांकेर
समय: दोपहर 12:30 से 1 बजे
स्थान: विनायक दंत चिकित्सालय, कलेक्ट्रेट रोड, नया बस स्टैण्ड, कांकेर, समय: दोपहर 1 से 1:30 बजे
विशेषज्ञ
डॉ. सौरभ जैन
MBBS, M.S. (Gen Surgery) DrNB (Surgical Oncology)
Fellowship in Thoracic Surgical Oncology
Tata Memorial Hospital, Mumbai
Cunsultant - Surgical Oncology
कैंसर रोग के लक्षण
• मुंह में अल्सर न ठीक होना • मल में खून
• ब्रेस्ट में गांठ • लंबे समय तक मासिक धर्म
• गर्दन या चेहरे में सूजन • असामान्य वजन/भुख न लगना
• निगलने में कठिनाई • ऊपरी या निचले अंग में गांठ
• थूक में रक्त • तिल मस्से के रंग, आकार का बदलना
रजिस्ट्रेशन एवं अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें:
9179090912
श्रेष्ठ एवं विश्वसनीय
रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल
पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड, रायपुर। अपॉइंटमेंट: 0771-6165656
कृपया मरीज अपनी पुरानी जाँच रिपोर्ट साथ लायें।
MAHESHWARI 4104

हाथी पांव
पैर में सूजन (हाथी पांव)
जैनाईटल फाईलेरियेसिस
(जननांगों में सूजन)
DR. NIRVED JAIN
(PLASTIC SURGEON)
जीवन हॉस्पिटल
न्यू शांति नगर, गली नं. 04, रायपुर (छ.ग.)
7400558800
MAHESHWARI 4104

मधुमेह का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

Care With Confidence
(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
ट्रॉमा केयर यूनिट
पॉली ट्रॉमा
मिनिमली इन्वेसिव ट्रॉमा सर्जरी
कूल्हे एवं कमर के फ्रेक्चर
पुराने ना जुड़े/टेढ़े-मेढ़े जुड़े फ्रेक्चर
हड्डियों से मवाद रिसना
ICU एवं क्रिटिकल केयर टीम की सेवा सहित
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371